<u>भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर</u>

<u>भर्ती अधिसूचना क्र. 2/2018</u>

निम्नलिखित संविदा पदों पर सीधी भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं:

क्र.	**पदनाम**	**रिक्तियां**
1	सलाहकार (वित्त एवं लेखा)	1
2	प्रमुख (करियर विकास सेवाएं)	1
3	व्यवसाय विकास प्रबंधक	2

शैक्षिक योग्यता व अनुभव, संक्षिप्त कार्य विवरण तथा भर्ती प्रक्रिया हेतु नियम एवं शर्तें:

1. सलाहकार (वित्त एवं लेखा) :-

सलाहकार (वित्त एवं लेखा) डायरेक्टर को रिपोर्ट करते हैं एवं वित्त व लेखा से संबंधित सभी मुद्दों पर सलाह देने के लिए जिम्मेदार हैं | निवेश योजना, बजट, बैलेंस शीट तैयार करना, विधिक, विनियामक और कर संबंधी अनुपालन, लेखा परीक्षा नियंत्रण, आयकर, स्रोत पर कर कटौती, जीएसटी, एनपीएस, ईपीएफ इत्यादि के प्रबंधन में उम्मीदवार को सुप्रवीण होना चाहिए।

सलाहकार (वित्त एवं लेखा), अन्य जिम्मेदारियों के साथ-साथ, निम्नलिखित के लिए भी ज़िम्मेदार होंगे:

(i) संस्थान के वित्त व लेखा कार्यालय की दिन प्रतिदिन गतिविधियों का प्रबंधन करना |

(ii) संस्थान के सभी वित्त संबंधित मामलों को बोर्ड, शासी बोर्ड, आईआईएम इंदौर सोसायटी एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय की वित्तीय समिति को रिपोर्ट करना |

(iii) सभी विनियामक प्राधिकरणों (उदाहरण के लिए एनपीएस के पीएफआरडीए, विभिन्न कर प्राधिकरणों एवं अन्य संबंधित कार्यालय इत्यादि), आतंरिक लेखापरीक्षा दल एवं संवैधानिक सीएजी लेखापरीक्षा दल के साथ सक्रिय संपर्क रखना एवं कडाई से विधिक, विनियामक और कर अनुपालन किया जाना|

(iv) अग्रसक्रिय रूप से सिस्टम और प्रक्रियाओं को सरल बनाने और वित्त व लेखा समाधानों के प्रभावी अंतरण के लिए स्वचालन को अपनाना।

(v) संस्थान के निवेश योग्य अधिशेष पर इष्टतम रिटर्न सुनिश्चित करने के लिए निवेश समिति के साथ मिलकर काम करना।

(vi) वित्त व लेखा से संबंधित मामलों पर संकाय,कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के साथ अग्रसक्रिय रूप से संलग्न होना ।

(vii) सुनिश्चित करना कि पर्याप्त नियंत्रण संस्थापित किए गए हैं ताकि प्रत्येक खरीद हेतु प्रमाणित दस्तावेज उपलब्ध हों एवं आवश्यक कानूनों/ नियमों/विनियमों/ मानदंडों/ प्रथाओं के अनुपालन के अनुसार अनुमोदित हों ताकि स्वतंत्र व संवैधानिक सीएजी ऑडिट का समाशोधन किया जा सके ।

(viii) सक्षम लेखांकन पेशेवरों (प्रोफेशनल्स) की एक टीम को अभिप्रेरित करना और उनका नेतृत्व करना ।

(ix) संगठन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त नकदी प्रवाह/उपलब्धता (कैश फ्लो) सुनिश्चित करना ।

योग्यता एवं अनुभव

उम्मीदवार को चार्टर्ड एकाउंटेंट होना चाहिए ।

अनुभव -

(i) प्रतिष्ठित वाणिज्यिक संगठन / केन्द्रीय / राज्य सरकार / केन्द्र शासित प्रदेशों /अर्ध सरकारी/ पी एस यू / संवैधानिक या स्वायत्त संगठनों / विश्वविद्यालयों / शोध एवं विकास संगठनों में पंद्रह वर्षो का अनुभव।

(ii) लेखा प्रकार्यों और वितीय विवरणों की तैयारी से संबंधित पर्याप्त ज्ञान और कौशल।

(iii) विनियामक आवश्यकताओं और कर अनुपालनों की गहन समझ।

(iv) केन्द्रीय वित्त पोषित शैक्षिक संस्थानों के वित्त एवं लेखा विभाग में कार्य अनुभव वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

परिलब्धियां

रु. **1,60,000/-** प्रति माह का समेकित वेतन | अत्यधिक योग्य उम्मीदवारों को अधिक आरम्भिक वेतन भी दिया जा सकता है। संस्थान परिसर में आवास ना लेने की स्थिति में **रु.20,000/-** प्रति माह की दर से मकान किराया भत्ता का अतिरिक्त भुगतान भी किया जाएगा | प्रति वर्ष कार्य निष्पादन की समीक्षा के अनुसार उचित वेतन वृद्धि भी की जायेगी |

सलाहकार (वित्त एवं लेखा) के पद की भर्ती हेतु सामान्य नियम व शर्तें -

1. पद पांच वर्षों की अधिकतम अवधि के लिए अनुबंध पर होगा, अर्थात दो वर्षों का प्रारंभिक अनुबंध, जो कार्य निष्पादन की समीक्षा के बाद अगले तीन वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है।
2. केवल न्यूनतम शैक्षिक योग्यता और अनुभव को पूरा करने से ही उम्मीदवार को यह अधिकार नहीं दिया जाता कि उन्हें साक्षात्कार / चयन के लिए बुलाया ही जाएगा ।
3. उम्मीदवारों को पद के लिए योग्य न पाए जाने पर उन्हें निम्न पद के लिए या कम समेकित वेतन पर नियुक्त करने पर विचार किया जा सकता है । दूसरी ओर, अत्यधिक योग्य उम्मीदवारों को उच्च शुरूआत प्रदान की जा सकती है ।
4. संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी का चयन न करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है ।

5. बड़ी संख्या में आवेदनों के प्राप्त होने के मामले में संस्थान उपयुक्त लघुसूचीयन मानदंडों को लागू करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
6. संस्थान द्वारा केवल लघुसूचीकृत उम्मीदवारों से ही संपर्क किया जाएगा।
7. इस संबंध में, उम्मीदवारों के किसी भी प्रकार के पत्राचार/संचार का उत्तर नहीं दिया जाएगा |
8. किसी भी तरह का पक्ष-प्रचार पाए जाने पर उम्मीदवार अयोग्य माना जायेगा।
9. ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम दिनांक **13 जून 2018** है |
10. ऑनलाइन आवेदन जमा करने पर, उम्मीदवारों को उनकी ई-मेल पते पर एक पावती मिलेगी। इसी ई-मेल का एक प्रिंट-आउट लिया जाना है और इस पर ही उम्मीदवार द्वारा हस्ताक्षर किया जाना है।
11. उम्मीदवार को आवेदन शुल्क रु. 1000/- मात्र, जो कि वापस करने योग्य नहीं है, एकाउंट पर देय डिमांड ड्राफ्ट "भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर" के पक्ष में जो कि इंदौर में देय हो भेजना है। **ईमेल पर अपने आवेदन की पावती के प्रिंट आउट पर हस्ताक्षर के साथ डिमांड ड्राफ्ट रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट या कूरियर या साधारण डाक द्वारा** कार्मिक कार्यालय, भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर, प्रबंध शिखर, राऊ-पीथमपुर रोड, इंदौर-453331 (मध्य प्रदेश) को भेजा जाना है जो संस्थान को दिनांक **21 जून 2018** तक या उससे पहले प्राप्त होना चाहिए।
12. भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर किसी भी प्रकार के डाक/कूरियर विलम्ब या डाक/कूरियर गुम होने की दशा में ज़िम्मेदार नहीं होगा।
13. पद जब तक कि भरे नहीं जाते हैं खुले रहेंगे |
14. उम्मीदवार को पावती ई-मेल पर प्राप्त न होने के मामले में उम्मीदवार हमें career@iimidr.ac.in पर "ADVISOR 02/2018" की सब्जेक्ट लाइन के साथ लिख सकते हैं परन्तु **13 जून 2018** के पहले।
15. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि इस सन्दर्भ में भविष्य में किसी भी प्रकार के/की अद्यतन/सूचना हेतु नियमित रूप से हमारी वेबसाईट के कैरियर खंड को देखते रहें।

2. प्रमुख -:(कैरियर विकास सेवाएं)

चयनित उम्मीदवार, अन्य मदों के अलावा, निम्नलिखित हेतु जिम्मेदार रहेंगे -
)iसंस्थान ,विनियोजन गतिविधियों का समग्र प्रबंधन (, छात्रों एवं नियोक्ताओं के हितों की देखभाल करना।
(ii) संपूर्ण कार्यक्रमों के तहत छात्रों के सफलतापूर्वक परिनियोजन हेतु प्रमुख बाह्य एवं आंतरिक हितधारकों के साथ संबंधों का निर्माण करना।
(iii) प्रबंध स्नातकों के लिए परिवर्तनशील गतिशीलता की मांग को समझना। बाजार की मांग के अनुसार भा प्र सं इंदौर के स्नातकों की प्रासंगिकता को बनाए रखने हेतु रणनीतिक योजना तैयार करना।
(iv) प्रबंध स्नातकों के लिए बाजार की बदलती जरूरतों के अनुसार संकाय और छात्रों का अभिमुखीकरण।
(v) व्यापार विकास, मुख्य लेखा प्रबंधन जैसे प्रकार्यों में व्यापक भूमिका का निर्वहन जिसमें, भर्ती अभियान चलाए जाने सहित विपणन एवं ब्रांडिंग भी शामिल है।
(vi) व्यापार विकास टीम का नेतृत्व करना एवं इसकी गतिविधियों के प्रबंधन सहित, यदि आवश्यक हो तो , व्यवसाय विकास प्रबंधकों के कार्य निष्पादन की निगरानी एवं समीक्षा करनाइसके अलावा , लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु निरंतर आधार पर मार्गदर्शन एवं सहयोग देना भी अपेक्षित है।

(vii) कॉर्पोरेट क्षेत्र के सभी भागीदारों में पर्याप्त प्रसार को सुनिश्चित करने के हेतु प्रमुख मदों का विकास और सुदृढ़ीकरण करना।
(viii) मुख्य मदों को ग्रहण करने के लिए नियोक्ता भर्ती प्रथाओं और विकासशील रणनीतियों के ज्ञान का निर्माण।
(ix) छात्रों को उनके कैरियर की तैयारी हेतु परामर्श सेवासाक्षात्कार कौशल और अन्य ,बनाने (रिज्यूम) वृत्त-सार , संबंधित कार्यशालाओं के आयोजन द्वारा सहायता प्रदान करना ।

प्रमुख संकाय अध्यक्ष (कैरियर विकास सेवाएं), परिनियोजन कार्यक्रम को रिपोर्ट करेंगे । /

आवश्यक योग्यता, अनुभव और कौशल:

1. एमबीए पीजीडी कार्मिक और आईआर या समकक्ष / पीजीडीएम /
2. रिलेशनशिप प्रबंधन व्यावसाय विकास या इसी तरह की भूमिकाओं में न्यूनतम /15 वर्षों का पूर्व अनुभव , प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थानों में कैरियर सेवा विभाग के लिए :अधिमानत ।
3 - वांछनीय योग्यता .20 वर्षों का पूर्व अनुभव जिसमें वरिष्ठ स्तर के पदों पर वर्ष का अनुभव भी शामिल है। 5
4. भा | संस्थान के पूर्व छात्रों के मामले में अनुभव की आवश्यकता में छूट दी जा सकती है .प्र .
5. बीस्कूल सम्बंधित रोजगार रुझान का गहन ज्ञान और स्थापित व्यावसायिक नेटवर्क।-
6. नियोक्ताओं के साथ नेटवर्क स्थापित करने तथा रोजगार के लिए और अधिक अवसर सृजित कराने की क्षमता।

अनुबंध की अवधि:
यह पद पांच वर्षों की अधिकतम अवधि के लिए अनुबंध पर होगा, अर्थात एक वर्ष का प्रारभिक अनुबंध, कार्य निष्पादन की समीक्षा के आधार पर प्रत्येक वर्ष के अंत में अगले वर्ष के लिए कुल पांच वर्षों की अधिकतम अवधि के लिए विस्तारित किया जा सकेगा ।

परिलब्धियां:
सभी समावेशी सहित न्यूनतम वार्षिक परिलब्धि **20 लाख रुपये**। योग्य उम्मीदवारों के लिए उपयु(सीटीसी) क्त निष्पादन आधारित प्रोत्साहनों पर भी विचार किया जा सकता है।

3. व्यवसाय विकास प्रबंधक- :

चयनित उम्मीदवार, अन्य मदों के अलावा, निम्नलिखित हेतु जिम्मेदार रहेंगे -
(i) प्राथमिक रूप से भा इंदौर के स्नातकों हेतु रोजगार के अवसरों में वृद्धि .सं .प्र .करना।
(ii) सभी क्षेत्रों के एचआर उद्योग सम्मेलनों में भागीदारी एवं व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से संभावित / नियोक्ताओं के साथ संपर्क विकास के लिए प्रयास करना।
(iii) वक्ता संभाषणों, सभाओं और नेटवर्किंग सत्रों के आयोजन सहित सक्रिय भर्ती भागीदारों के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करना ।

(iv) मध्यआकार की कंपनियों और संभावित स्टार्टअप को लक्षित करते हुए क्षेत्रीय रोजगार बाजार के ज्ञान का - विकास एवं इसे बनाए रखना।
(v) कैंपस भर्ती हेतु अधिक से अधिक भर्ती कंपनियों को आमंत्रित करना तथा उनसे प्राप्त भर्ती प्रस्ताव में और अधिक बढ़ोत्तरी करना।

व्यवसाय विकास प्रबंधक प्रमुख संबंधित संकाय अध्यक्ष को रिपोर्ट करेंगे । / (कैरियर विकास सेवाएँ)

आवश्यक योग्यता, अनुभव और कौशल:

1. एमबीए पीजीडी कार्मिक और आईआर या समकक्ष / पीजीडीएम /
2. भारतीय बीमें परिदृश्य का ज्ञान और विशिष्ट उद्योगों और व्यावसायिक क्षेत्रों स्कूल सम्बंधित भर्ती के विषय- में निहित कंपनियों के साथ व्यवहारिक अनुभव ।
3. रिलेशनशिप प्रबंधन व्यावसाय विकास या इसी तरह / की भूमिकाओं में न्यूनतम 8-10 वर्षों का पूर्व अनुभव , प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थानों में कैरियर सेवा विभाग के लिए । :अधिमानत
4. आईआईएम के पूर्व छात्रों के मामले में अनुभव की आवश्यकता में छूट दी जा सकती है ।
5. उत्कृष्ट अन्तवैक्तिक और प्रस्तुति कौशल।

अनुबंध की अवधि:

यह पद पांच वर्षों की अधिकतम अवधि के लिए अनुबंध पर होगा, अर्थात एक वर्ष का प्रारंभिक अनुबंध, कार्य निष्पादन की समीक्षा के आधार पर प्रत्येक वर्ष के अंत में अगले वर्ष के लिए कुल पांच वर्षों की अधिकतम अवधि के लिए विस्तारित किया जा सकेगा ।

परिलब्धियां:
सभी समावेशी सहित न्यूनतम वार्षिक परिलब्धि । योग्य उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त (सीटीसी) **लाख रुपये 15** निष्पादन आधारित प्रोत्साहनों पर भी विचार किया जा सकता है।

<u>प्रमुख (करियर विकास सेवाएँ) तथा व्यवसाय विकास प्रबंधक के पदों पर भर्ती हेतु सामान्य नियम व शर्तें:</u>

1. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि इस सन्दर्भ में भविष्य में किसी भी प्रकार के/की अद्यतन/सूचना हेतु नियमित रूप से हमारी वेबसाईट के कैरियर खंड को देखते रहें।

2. संस्थान इस प्रक्रिया के दौरान विज्ञापन में दिए गए किसी भी पद / रिक्तियों की संख्या घटाने /बढाने तथा सभी पदों या फिर किसी पद को ना भरने/ किसी भी उम्मीदवार का चयन या फिर निरस्त / करने का अधिकार बिना कोई कारण बताये सुरक्षित रखता है।

3. केवल न्यूनतम शैक्षिक योग्यता और अनुभव को पूरा करने से ही उम्मीदवार को यह नहीं समझ लेना चाहिए कि उन्हें चयन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु / चयन के लिए बुलाया जाएगा। अंतिम तिथि जिस तक अनुभव तथा आयु की गणना की जायेगी **13 जून 2018** है। न्यूनतम शैक्षिक योग्यता के पश्चात ही अनुभव की गणना मानी जाएगी व् न्यूनतम शैक्षिक योग्यता की अंतिम अंक तालिका को अनुभव की गणना आरंभ करने के पूर्व प्राप्त किया होना चाहिए।

4. संस्थान केवल लघुसूचीकृत किये गए उम्मीदवारों से ही संचार करेगा ।

5. प्रक्रिया के दौरान / पश्चात इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के पत्राचार / संचार पर संस्थान द्वारा ध्यान नहीं दिया जाएगा।

6. किसी भी तरह के पक्ष-प्रचार के पाए जाने पर उम्मीदवार को अयोग्य कर दिया जाएगा।

7. संस्थान चयनित उम्मीदवारों से तुरंत पद कार्यभार संभालने की अपेक्षा करता है।

8. चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार के टीए / डीए हेतु भुगतान नहीं किया जाएगा।

9. ऑनलाइन लिंक द्वारा उचित प्रकार से भरी गई आवेदन करने की अंतिम तिथि **13 जून 2018** है।

10. प्राप्त आवेदनों की गुणवत्ता और संख्या के आधार पर, संस्थान एक लिखित परीक्षा या व्यक्तिगत साक्षात्कार या दोनों या कोई अन्य परीक्षा/एं जैसा भी उचित समझा जाएगा, सभी उम्मीदवारों या फिर केवल लघुसूचिकृत उम्मीदवारों हेतु संचालित करवा सकता है।

11. “कोई व्यक्ति: -

(क) जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह का अनुबंध किया हो जिसका कि पति या पत्नी जीवित हों, या
(ख) जिसने कि जीवित पति या पत्नी के होते हुए भी किसी व्यक्ति के साथ विवाह का अनुबंध किया हो, संस्थान की सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र है बशर्ते कि संस्थान, यदि संतुष्ट है कि इस तरह के विवाह पर्सनल लॉ के अधीन लागू व अनुज्ञेय हैं और विवाह के अन्य पक्षकार को स्वीकार्य हैं और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं, किसी भी व्यक्ति को नियम के प्रवर्तन से छूट दी जा सकती है ।"

12. सेवारत उम्मीदवार, जो आवेदन के इच्छुक है उन्हें आवेदन के पूर्व अपने विभागाध्यक्ष को सूचित करना होगा। यदि वे लघुसूचीकृत किये जाते हैं तो उन्हें अपने विभागाध्यक्ष द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

13. उम्मीदवार, जिन्हें विज्ञापित पद हेतु उपयुक्त नहीं समझा जाएगा, को संस्थान निचले पद और/ या कम वेतन, जैसा भी संस्थान दुआरा उचित समझा जाए, के प्रस्ताव हेतु विचार कर सकता है ।

आवेदन शुल्क

(i) उम्मीदवार को हर पद हेतु अलग से आवेदन जमा करना होगा ।

(ii) आवेदन शुल्क रु. **1000/-** (रुपये एक हज़ार मात्र) है । **महिला उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क से छूट प्रदान की गयी है।** पुरुष उम्मीदवारों द्वारा प्रत्येक आवेदन पर **आवेदन शुल्क** देय होगा। इस उद्देश्य हेतु भुगतान हेतु स्वीकार्य प्रणाली केवल डिमांड ड्राफ्ट द्वारा है। किसी अन्य माध्यम से जमा किया गया शुल्क स्वीकार्य नहीं होगा।

(iii) कृपया नोट करें कि आवेदन शुल्क लौटाया नहीं जाएगा।

आवेदन करने की प्रक्रिया

(i) जिस पद के लिए उम्मीदवार आवेदन कर रहे हैं उस के लिए अपनी पात्रता की उचित प्रकार से जाँच करने के बाद ही दिए गए लिंक के माध्यम से उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना आवश्यक है ।

(ii) अपने ऑनलाइन आवेदन को सफलतापूर्वक जमा करने पर, उम्मीदवारों को उनके द्वारा आवेदन फॉर्म पर उपलब्ध कराये गए इ-मेल पर एक पावती मिलेगी। इस का एक प्रिंट-आउट लिया जाना है और उम्मीदवार को उस पर हस्ताक्षर करने हैं । इसके बाद उसे डिमांड ड्राफ्ट व जानकारी, जैसा कि नीचे बिंदु (iv) में बताया गया है, के साथ हमें भेजा जाना है।

(iii) यदि उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन करने के उपरांत इ-मेल पर पावती प्राप्त नहीं होती है तो वे अपने इ-मेल के स्पैम फोल्डर की जांच करें यदि वहाँ भी यह उपलब्ध नहीं है तब उम्मीदवार हमें career@iimidr.ac.in पर "BDM 02/2018" की सब्जेक्ट लाइन के साथ **13 जून 2018** तक लिख सकते हैं । उपरोक्त मामलों में संस्थान द्वारा आवेदन प्राप्ति या अन्यथा का पुष्टिकरण एक या दो कार्य दिवस में दे दिया जायेगा । इसी बीच अपने स्वयं के हित में सभी ऐसे उम्मीदवार अंतिम तिथि **13 जून 2018** तक या उससे पहले अपना ऑनलाइन आवेदन पुन: कर सकते हैं ।

(iv) उम्मीदवार को आवेदन शुल्क एकाउंट पर देय डिमांड ड्राफ्ट "भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर" के पक्ष में जो कि इंदौर में देय हो के रूप में भेजना है। अपने आवेदन को मान्य करने के लिए उम्मीदवार को अपने विवरण (नाम , मोबाइल, आधार/ पैन और जिस पद के लिए आवेदन किया है उसका नाम) डिमांड ड्राफ्ट के पीछे लिखना है और आवेदन के पावती के प्रिंट आउट पर हस्ताक्षर के साथ "**कार्मिक कार्यालय, भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर, प्रबंध शिखर, राऊ-पीथमपुर रोड, इंदौर-453331 (मध्य प्रदेश)** में दिनांक **21 जून 2018** तक डाक/कूरियर द्वारा पहुँचाना है। भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर किसी भी प्रकार के डाक/कूरियर विलम्ब या डाक/कूरियर गुम होने की दशा में ज़िम्मेदार नहीं होगा।

(v) महिला उम्मीदवार जिन्हें आवेदन शुल्क से छूट प्राप्त है उन्हें अपने आवेदन के पावती के प्रिंट आउट पर उचित प्रकार से हस्ताक्षर करने के बाद ऊपर दिए गए पते पर दिनांक **21 जून 2018** तक डाक/कूरियर द्वारा पहुँचाना है।

(vi) ऊपर दी गयी प्रक्रिया के अलावा अन्य किसी भी प्रकार से भेजे गए आवेदनों का प्रसंस्करण नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही ऑनलाइन आवेदन करने पर भी सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध न कराने की स्थिति में भी आवेदन का प्रसंस्करण नहीं किया जाएगा।